एक नजर में

सामाजिक सुरक्षा है पुरानी पेंशन- संतोष सिंह

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि पुरानी पेंशन सामाजिक सुरक्षा है आने वाले समय में यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप ले ले तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है, नौकरियों में निम्न और मध्यम वर्ग की परिवार से ही लोग आते हैं ,कोई राजनेता और उद्योगपति के घरों के लोग सी नौकरी में नहीं आ जाते, जिस तरह से सरकारी नौकरियों का निजीकरण किया जा रहा है और एनपीएस की व्यवस्था को जबरदस्ती थोपा जा रहा है, इससे देश के ही नहीं प्रदेश के लाखों , करोडो कर्मचारियों अधिकारियों में खास आक्रोश है। इसका असर निश्चित रूप से आने वाले समय में दिखेगा। आपने बताया कि संपूर्ण देशभर में 80 लाख एनपीएस कर्मचारी और समस्त देश के कर्मचारियों को जोड़ दिया जाए , तो यह संख्या कई करोड़ में पहुंच जाती। प्रदेश अध्यक्ष नेशनल मूवमेंट परमान डहरिया का कहना है कि एनपीएस धोखा है , 1 जनवरी 2004 केंद्र की नौकरियों में तथा अलग.अलग तारीखों में प्रदेश की नौकरियों में पुरानी पेंशन व्यवस्था बंद कर दी गई , उसे समय भी पश्चिम बंगाल ,केरल और त्रिपुरा में पुरानी पेंशन व्यवस्था जारी रही, परंतु कुछ समय बाद त्रिपुरा और केरल में भी वह व्यवस्था बंद कर दी गई। एनपीएस को लागू करते समय यह बताया गया कि इस योजना में बहुत लाभ होगा , परंतु अब जब परिणाम सामने आने लगे हैं , किसी को एनपीएस के तहत 700,1800 रुपए, 4200 पेंशन के रूप में मिल रहे हैं ,जो किसी भी तरह न्याय संगत नहीं है ।संयुक्त मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक खान, नेशनल मूवमेंट के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर,संयुक्त मोर्चा के अनिल सातव,सदानंद भाई ,भानु दास भाई, बृजेश राठौर, प्रमिला सगरे,कल्पना पवार,ज्योति पाटील,राजेश पाटिल का कहना है कि माननीय केंद्र सरकार से निवेदन करते हैं 2004 से बंद पुरानी पेंशन प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के साथ लागू किया जाए ताकि कर्मचारी बुढ़ापे में आर्थिक रूप से मोहताज न हो किसी के सहारे ना रहे जिस दिन माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने पुरानी पेंशन लागू कर देंगे उस दिन से हम सभी कर्मचारी अधिकारी मोदी जी का समर्थन सेवानिवृत्ति तक करेंगे एमरते दम तक करेंगे पुरानी पेंशन लागू कीजिए।

इच्छा देवी मार्ग का बोर्ड नहीं लगने से सीधे निकल रहे वाहन, सूचना फलक की मांग

इच्छापुर। नेशनल हाइवे बनने पर सिधे वाहन बुरहानपूर के लिए निकल रहे हैं। रोड पर हे है। जिसमे इच्छापूर के लिए सर्विस रोड पर इच्छा देवी मार्ग का बोर्ड नहीं लगने से सिधे इच्छापूर के अलावा बुरहानपुर.शाहपुर जा रहे है। कोई महाराट्र से इच्छा हेवी मंदीर पर अनि वाले दर्शनार्थी भी शाहपुर पहुंच रहे है। काई इच्छापूर शादी समारोह पर आने वाले लोग भी रस्ता भरकर शाहपुर जा रहे है। इच्छापूर आने पर कोई गांव का नाम नहीं दिखाई देने पर च्छापूर के पास राहगीर परेशान हो रहे है। यही इच्छापूर के नाम से रोड पूर फलक लगाते तो परेशानीया नहीं होगी ग्रामीणों न: ठेकेदार कॉन्ट्रकार एसे भांग की है। सिघ्र बोर्ड लगानि की पहल की है।

संत तुकाराम महाराज मंदिर पर अखंड नाम सप्ताह

इच्छापुर। इच्छापुर में फाल्गुन शुद्ध दशमी को संत तुकाराम महाराज मंदीर पर तुकाराम बीज का अखंड नाम सप्ताह का प्रारंभ गुरुवार को हुवा। जिसमे सात दिनो तक भजन किर्तन हरिपाठ सुबह काकडा आरती होगी। इस का समापण दि05/3/2026 को होगा। इस कार्यक्रम में महीलाए .सुबह-शाम संत तुकाराम गाथा का वाचन कर रहे हैं। नाम सप्ताह का मार्गदर्शन नवीन पंडीत ,सुरेश ताठे ,साहेबराव तायडे ,वामनराव सावखेडे, कांतीलाल तायड कर रहे है।

गोलोक धाम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण 1 को

बुरहानपुर। जिले में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिला संयोजक मेघराज महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 5वीं से कॉलेज स्तर तक जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को 1 मार्च को दोपहर 3 बजे गायत्री परिवार के रचनात्मक केंद्र गोलोक धाम खड़कोद आश्रम में पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। गायत्री परिवार के संजय राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर गायत्री धाम सेंधवा से पधार रहे श्रद्धेय पंडित मेवालाल पाटीदार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और उज्ज्वल भविष्य निर्माण पर विशेष प्रेरणादायी उद्बोधन देंगे। यह सम्पूर्ण आयोजन गोलोक धाम आश्रम के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण, विद्यार्थी विकास विषय पर विशेष उद्बोधन तथा वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थी, शिक्षक एवं गायत्री परिवार से जुड़े सभी परिजन उपस्थित रहेंगे। इसी क्रम में आज शाला स्तर पर शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

दो दिवसीय आजीविका होली मेले में प्राकृतिक रंग-गुलाल से गुलजार होगा बाजार

प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष में आजीविका मिशन से जुड़ीं दीदियां

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। राज्य सरकार प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिये संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष में आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियाँ भी सहभागिता कर रही है।होली के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक रंग.गुलालों से त्योहार मनाने का संदेश जन.जन तक पहुंचाने का प्रयास है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में जिले में 27 एवं 28 फरवरी को पुराना अनुविभागीय कार्यालय,एसडीएम ऑफिस सिटी पैलेस मॉल के सामने दो दिवसीय भव्य आजीविका होली मेला आयोजित किया जा रहा है। कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत आयोजित इस मेला में महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने का अवसर दिया जा रहा है। वोकल फॉर लोकल के तहत मेला के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को पहचान मिलेगी है और महिलाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मंच भी प्राप्त होगा।

होली रंगो, उमंगों और आपसी प्रेम का त्योहार है, रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए प्राकृतिक रंगों का महत्व बढ़ गया है। पलाश, गुलाब और गेंदा जैसे फूलों से तैयार गुलाल पूरी तरह सुरक्षित और पर्यावरण हितैषी है। फूलों की खुशबू से बने ये रंग न केवल मुस्कान बिखेरेंगे बल्कि स्वास्थ्य की भी रक्षा करेंगे। प्राकृतिक रंगों के साथ मनाई गई होली उत्सव के साथ.साथ स्वास्थ्य और परंपरा को भी संरक्षित करती है। महिलाओं का यह प्रयास केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत कदम है।

वोकल फॉर लोकल, प्राकृतिक रंगों का बाजार:- मेला में आजीविका मिशन की दीदियों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पापड़, अचार,पारंपरिक पकवान तथा हस्तशिल्प और सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। प्राकृतिक रंग.गुलाल की खास मांग को देखते हुए इस बार इनका विशेष स्टॉल लगाया जा रहा है।

पूरी तरह प्राकृतिक, सुरक्षित और किफायती:- आजीविका होली मेला में हर्बल गुलाल का 100 ग्राम का पैकेट 80 रुपये तथा 200 ग्राम का पैकेट 150 रुपये में उपलब्ध रहेगा। इन रंगों में किसी भी प्रकार के रासायनिक तत्व का उपयोग नहीं किया गया है। ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल हैं।

फूलों से रंग.गुलाल बनाने की प्रक्रिया:- प्राकृतिक रंग तैयार करने की प्रक्रिया सरल हैए महिलाएं पलाश के फूल और किसानों से गुलाब और गेंदा जैसे रंग.बिरंगे फूल खरीदती हैं। फूलों की पंखुड़ियों को अलग कर 2 से 3 दिन तक सोलर ड्रायर में सुखाया जाता है। इसके बाद सूखी पंखुड़ियों को बारीक पीसकर पाउडर बनाया जाता है, फिर उसमें चावल, मक्का आटा और हल्दी मिलाकर रंग तैयार किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में 4 से 5 दिन का समय लगता है। जिले के खकनार खुर्द में यह कार्य नारी शक्ति समूह की 8 से 10 महिलाएं कर रही हैं। आइए इन स्थानीय उत्पादों की खरीददारी कर अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान दे।

सेवासदन महाविद्यालय के पूर्व छात्र शुभम कोकाटे ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया गौरव

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। सेवासदन महाविद्यालय, बुरहानपुर के पूर्व छात्र शुभम कोकाटे ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित भारतीय छात्र संसद में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। शुभम कोकाटे, मूलत: मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले के ग्राम बोरसर निवासी ज्ञानेश्वर किसन कोकाटे के सुपुत्र हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में सेवासदन महा विद्यालय से बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन (बीसीए) की शिक्षा पूर्ण की। वर्तमान में वे लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफटेक्नोलॉजी, (एलएन सीटी) भोपाल में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन (एमसीए) फाइनल ईयर के विद्यार्थी हैं। प्रारंभ से ही शुभम होनहार व अनुषासित विद्यार्थी रहा है।

राष्ट्रीय स्तर पर एम.आई.टी. स्कूल ऑफ गवर्मेन्ट, पूणे द्वारा आयोजित 15वी भारतीय छात्र संसद जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देशभर के अनेक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से हजारों विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सात चरणों की कठोर एवं बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के पश्चात केवल दस प्रतिभागियों का अंतिम चयन किया गया, जिसमें शुभम कोकाटे ने स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लगभग 6000 उपस्थित श्रोताओं को प्रत्यक्ष रूप से संबोधित किया। साथ ही कार्यक्रम का देशभर में ऑनलाइन प्रसारण भी किया गया, जिसे हजारों लोगों ने देखा एवं सुना। अंतिम प्रतियोगिता में अपने तार्किक, ऊर्जावान एवं प्रभाव शाली वक्तव्य के आधार पर शुभम कोकाटे को सर्वोच्च श्रेष्ठ वक्ता (बेस्ट स्पीकर)के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यार्थी की इस उत्कृष्ट सफलता पर सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर एवं समस्त स्टॉफने भी सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। शुभम कोकाटे ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सेवासदन महाविद्यालय के प्राध्यापकों के मार्गदर्षन एवं अध्यापन को दिया। शुभम ने कहा कि भाषण शैली सीखने का अवसर मुझे युवा उत्सव के माध्यम से प्राप्त हुआ जिसे मेरे गुरूजनों ने अधिक निखारा।

इस उपलब्धि पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष महोदया श्रीमती तारिका वीरेन्द्र सिंह ठाकुर जी ने कहा कि सेवासदन महा विद्यालय, बुरहानपुर के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है। यह महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मार्गदर्शन एवं संस्कारों का प्रमाण है। इस अवसर पर सचिव हसमुखलाल जरीवाला, प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील, कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष डॉ. जगन्नाथ महाजन, डॉ. अनीष पटेल, प्रो. अविचल आसरकर, डॉ. अनिल चौधरी, प्रो. नरेन्द्र भारद्वाज, डॉ. लीना जाधव, प्रो. मयंक ठाकुर, प्रो. विष्णु भारद्वाज, हंसराज महाजन, श्रीकांत चौधरी और अन्य मौजूद रहे।

100 मरीजों का होगा नि :शुल्क ऑपरेशन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गुरूवार को चोइथराम नेत्रालयए इंदौर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया।

सीएमएचओ डॉ.आर.के.वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आए मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया तथा 100 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित हुए है। गुरूवार को चयनित मरीजों में से 76 मरीजों को संस्था की बसों के माध्यम से इंदौर भेजा गया, जबकि शेष 24 मरीजों को रविवार को इंदौर भेजा जाएगा, जहां उनका नि:शुल्क ऑपरेशन होगा। शिविर में मरीजों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

शाहपुर थाना पर शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज, शाहपुर । जिले के शाहपुर पुलिस थाना मे जिला पुलिस कप्तान देवेंद्र पाटीदार के निर्देश पर एवं अतिरीक्त पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कण्नेस के मार्गदर्शन से नेपानगर एसडीओपी निर्भयसिंह अलावा के उपस्थिती में डिप्टी कलेक्टर एवं शाहपुर प्रभारी तहसीलदार सृजन श्रीवास्तव ने शांती समिती के उपस्थित सदस्यों को आगामी त्योहार होली,धुलेंडी एवं रमजान माह के ईद त्योहार को लेकर शांति समिती के सदस्यों की बैठक ली। मीटिंग में डिप्टी कलेक्टर एवं शाहपुर प्रभारी तहसीलदार सृजन श्रीवास्तव ने बताया की आगामी त्यौहार होली,धुलेंडी एवं ईद का त्यौहार आपसी भाईचारा के साथ शांतिपुर्वक मनाया जाए। धुलेंडी त्योहार पर ऐसे कलर का उपयोग न करें की जिससे चेहरे का नुकसान हो ।शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा ने बताया की पुर्वतहा जैसा शाहपुर थाना के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों के नागरिकों से अपील है की वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें ।यदि कोई व्यक्ति ईस तरह की गतिविधियों में संलिप्य पाया जाता है ए तो उसके खिलाफ सख्त कानुनी कार्यवाही की जाएगी । मीटिंग में फेपनार तहसीलदार गोविंद सिंह रावत, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधी गोपाल चौधरी, पार्षद विनोद चौधरी, कैलाश असेरकर,अशोक निकम,पार्षद ताजुद्दीन, विट्ठल किरोच,आकाश राखुंडे ,चुडामन महाजन,उमेश माहेश्री सहित शांति समिती के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

पानी की पनडुब्बी मोटर-केबल वायर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। चौकी देडतलाई थाना खकनार क्षेत्र के ग्राम देडतलाई के फरियादी अनिल पिता चिंताराम मार्को के खेत से दिनांक 23/02/26 व 24/02/26 की रात्रि मे अज्ञात आरोपियो द्वारा खेत की पानी पनडुब्बी मोटर व केबल वायर चुराकर ले गये थे ।फरियादी की रिपोर्ट पर दिनांक 24/02/26 को थाना खकनार पर अपराध क्रमांक 62/26 धारा 303,2 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा दिये गये निर्देशो के पालन में फरारए उद्घोषित आरोपियो एवं चोरी के प्रकरणो में फरार चल रहे आरोपियो की धर पकड़ करने हेतु निर्देशित किया जा रहा था ।इसी तारतम्य में अति.पुलिस अधीक्षक अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी खकनार अभीषेक जाधव द्वारा टीम गठित कर दिनांक 25/02/26 को चौकी प्रभारी शंकर लोने को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई की दो व्यक्ति शेखपुरा तरफसे देडतलाई तरफ मो.सा.पर पानी की पनडुब्बी मोटर व केबल वायर लेकर आ रहे है ।सूचना पर विश्वास कर प्रआर वसीम, आर जय व आर आयुष पटेल, सैनिक गौरव को हमराह लेकर रवाना हुआ तथा देडतलाई शेखपुरा रोड पर एस्सार पंप के पास दो व्यक्ति हीरो स्पलेंडर मो.सा.लेकर आते दिखे जिन्हे रोककर पुछताछ करते अपना नाम विजय उर्फगोलू पिता बलीराम कास्डेकर जाति कोरकू उम्र 25 साल व मांगीलाल उर्फनीतू पिता गोमा चतुरकर जाति कोरकू उम्र 33 साल दोनो निवासी कुसुमकोट थाना धारणी जिला अमरावती का होना बताया ।

महिला सुरक्षा,साइबर अपराध,यातायात सुरक्षा और नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस द्वारा आगामी भगोरिया पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में विशेष जन.जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित भगोरिया हाट बाजारों में महिला संबंधी अपराधों,साइबर अपराधों से बचाव एवं नशामुक्ति विषयों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य भगोरिया हाट में बड़ी संख्या में उपस्थित जनमानस को सुरक्षा, सतर्कता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में अभियान के संचालित किया गया। दिनांक 26/02/2026 को अधिकारियों द्वारा जिले में लगने वाले भगोरिया हॉट बाजार में उपस्थित आमजन से संवाद कर महिला सुरक्षा, साइबर ठगी से बचाव, यातायात सुरक्षा एवं नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख बिंदु:- महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से बचाव एवं सहायता हेतु उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी। साइबर अपराध,ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि विषयों पर जागरूकता। नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी एवं नशा छोड़ने हेतु प्रेरणा साथ ही उपस्थित लोगों को नशे छोड़ने हेतु शपथ भी दिलवाई गई। एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध मे जागरूक किया गया। डायल.112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी।

थाना क्षेत्रवार आयोजित कार्यक्रम:- थाना खकनार क्षेत्र के ग्राम तुकईथर में लगे भगोरिया हाट बाजार में थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव एवं स्टाफ द्वारा भगोरिया हाट में महिला संबंधी, साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति विषयों एवं शासन की राहवीर योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। थाना नेपानगर क्षेत्र नेपानगर में लगे भगोरिया हाट बाजार में थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल एवं टूआईसी शहाबुद्दीन कुरेशी जागरूक किया गया।

ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा बैतूल इकलहरा में 26 फरवरी गुरुवार को झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 26 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉ.सत्यम मिश्रा के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअपए ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मेंए एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

एक नजर — स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को नगर निगम ने कसी कमर ....

5 स्टार रेटिंग के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ आयुक्त ने ली बैठक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर निगम आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों की स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 26 के 5 स्टार रेटिंग के लिए को तैयारियों को लेकर एम आई सी हॉल में बैठक ली गई । निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए दिल्ली से टीम मार्च के आखिरी सप्ताह में आ सकती है इसको लेकर अपनी अपनी तैयारी पूर्ण करें।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को लेकर नगर निगम में अधिकारियों की समीक्षा बैठकें तेज हो गई हैं, जिसमें 90: से अधिक स्कोर और टॉप रैंकिंग हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठकों में शत.प्रतिशत डोर.टू.डोर कलेक्शन, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को हटाने और सामुदायिक शौचालयों की 3.शिफ्ट में सफाई पर जोर दिया जा रहा है। 5 स्टार रेटिंग,डोर.टू.डोर कचरा प्रबंधन,ओडीएफ स्थिति और स्वच्छता के नए टूलकिट पर प्रशिक्षण देकर शहरों को बेहतर रैंकिंग के लिए तैयार किया जा रहा है।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधनए डोर.टू.डोर कलेक्शन, आर.आर.आर सेंटर और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता और संदुरता की दृष्टी से आकर्षक शहर बनाने के लिए नगरीय निकाय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सावर्जनिक स्थानों की मरम्मत और रख रखाव सहित संवहनीयता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शहर का दर्शनीय सौंदर्यीकरण किया जाना। सभी सार्वजानिक स्थल अच्छी तरह से प्रकाशित ।फुटपाथ सड़क के किनारे/ मीडीयन/ क्रॉसिंग/ सर्किल अच्छी तरह से व्यवस्थित किए गए है।

सड़के और फुटपाथ गड्ढो से मुक्त, उचित संकेतक और कोई मलबा नहीं । पौधारोपण सहित वार्ड में सड़को और सावर्जनिक स्थानों की हरित पट्टिकाओ का उचित रख रखाव और प्रदूषण स्त्रोतो के खुले स्थान

जहाँ भी संभव होएवायु प्रदूषण को कम करने के लिए यातायात चौराहे पर पानी के फव्वारे लगाएँ या जल स्त्रोतो में कूड़ा.कचरा कम करने हेतु जलीय संरचनाओ के ऊपर पुलों पर वायर मेस लगाए जाए। स्वच्छता बैठक में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू,सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा,लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल,सहायक यंत्री अशोक पाटिल गोपाल महाजन ,वीरेंद्र रवाये,प्र.स्वास्थ्य अधिकारी गणेश पाटिल,रामेश्वर महाजन पीआईयू एवं टीम उपस्थित थे।